# वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने मनाया हिन्दी सप्ताह समारोह – 2017

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनांक 14 से 21 सितंबर, 2017 को राजभाषा हिन्दी के प्रति अपनी निष्ठा दर्शाते हुए संस्थान में हर्षोल्लास के साथ हिन्दी सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी सप्ताह का शुभारंभ 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के दिन प्रातः 10 बजे उदघाटन समारोह के साथ किया गया था जिसमें संस्थान के निदेशक, डॉ. आर.एस.सी. जयराज , भा.व.से., डॉ. आर.के. बोरा , समूह समन्वयक (अनु.) तथा प्रभागों के प्रभागाध्यक्ष , सभी वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और शोधार्थी उपस्थित थें। हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए डॉ. मनीष कुमार सिंह , हिन्दी अधिकारी ने सभी सभासदों का स्वागत किया और हिन्दी दिवस पर एक प्रस्तुति रखी। इसके बाद श्री शंकर शर्मा , क. हिन्दी अनुवादक ने सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा सभा के समक्ष रखी। अपने अध्यक्षीय भाषण में माननीय निदेशक महोदय डॉ. आर.एस.सी. जयराज ने हिन्दी भाषा के साथ-साथ प्रादेशिक भाषाओं के विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को हिन्दी सप्ताह की हार्दिक बधाई देते हुये सभी कार्यक्रमों में प्रतिभागिता पर ज़ोर दिया। इसी बैठक में हिन्दी शिक्षण योजना के तहत हिन्दी प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों को नियमानुसार नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभा के उपरांत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

हिन्दी सप्ताह के दूसरे दिन अर्थात 15 सितंबर को अधियाकरियों और कर्मचारियों के लिए एक आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी ने उत्साह से भाग लिया। दिनांक 17 सितंबर को व्याख्यान शृंखला के अंतर्गत डॉ. मनीष कुमार सिंह , वैज्ञानिक-सी ने अंतर्राष्ट्रीय ओज़ोन दिवस पर हिन्दी में व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में ओज़ोन परत के महत्व और इसके विघटन के कारकों पर चर्चा की। व्याख्यान के उपरांत बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच आशुभाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दिनांक 18 सितंबर को राजभाषा हिन्दी में वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने के लिए डॉ. कृष्ण गिरी, वैज्ञानिक-सी ने “कृषि और वानिकी में सूक्ष्मजीवों का महत्व” शीर्षक विषय पर व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान के बाद राजभाषा ज्ञान विषय पर लिखित प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 19 सितंबर को प्रातः 10 बजे संस्थान के प्रेक्षागृह में एक प्रश्नोत्तरी (क्विज़)

प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी की भागीदारी सराहनीय रही । प्रतियोगिता का सुचारु संचालन संस्थान के वैज्ञानिक श्री सत्यम बोरदोलोई जी कर रहे थें। दिनांक 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे संस्थान के प्रेक्षागृह में साईबर सिक्युर्टी विषय पर रा.इ.सु.प्रौ.सं., (NIELIT), जोरहाट के अधिकारियों ने हिन्दी में एक प्रस्तुति दी।

हिन्दी सप्ताह का समापन दिनांक 21 सितंबर, 2017 के अपराह्न आयोजित एक सभा के द्वारा किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रबोध चन्द्र, सीनियर कामांडेंट, सीआईएसएफ, ओएनजीसी यूनिट आमंत्रित थें। सर्वप्रथम निदेशक डॉ. आर.एस.सी. जयराज जी ने मुख्य अतिथि श्री प्रबोध चन्द्र को असमीया "फुलाम गामोछा" से स्वागत किया। संस्थान के कई कार्मिकों तथा परिवार जनों ने हिन्दी कविता पाठ से सबका मन मोह लिया। समापन समारोह में ही हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगितओं के विजेताओं की घोषणा की गई और उनको मंचासीन महानुभावों के करकमलों से पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। गत स्वतंत्रता दिवस को आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इसी बैठक में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण उपरांत डॉ. आर.एस.सी. जयराज महोदय ने सभी को अपने संदेश में हिन्दी का उपयोग बढ़ाने के लिए आग्रह किया और दूसरों को भी उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रबोध चन्द्र जी ने अपने भाषण में हिन्दी भाषा की व्यापकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्दी अब केवल भारत में ही नहीं अपितु कई देशों की पठन-पाठन की भाषा हैं। अपने अनुभव बांटते हुये उन्होंने व्यक्त किया कि हिन्दी के उपयोग में रक्षा विभाग सदैव अग्रणी है। अंत में डॉ. मनीष कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा के समापन की घोषणा की गई। सभा का संचालन कर रहे थें श्री शंकर शर्मा।

हिन्दी सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं:

**1. निबंध प्रतियोगिता**

प्रथम पुरस्कार: श्रीमति सुमिता दुवारा

द्वितीय पुरस्कार: श्री चन्दन बोरा

तृतीय पुरस्कार: श्रीमति प्रियक्षी दास

**2. आशुभाषण प्रतियोगिता**

प्रथम पुरस्कार: डॉ. कृष्णा गिरि

द्वितीय पुरस्कार: श्री दिनेश कुमार मीणा

तृतीय पुरस्कार: श्री अभिनव बोरा<br>जैसमीन वारा

**3.आशुभाषण प्रतियोगिता (परिवार जनों के लिए)**

**(कक्षा I-V)**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | अविनाश गोगोई |
| द्वितीय पुरस्कार: | हेनरिटा कंगाबम |
| तृतीय पुरस्कार: | तन्मोई सैकिया |

**(अभिभावक)**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | श्रीमति महिमा आर्य |
| द्वितीय पुरस्कार: | श्रीमति पापोरी संदिकोई |
| तृतीय पुरस्कार: | श्रीमति दीप्ति कलिता |

**4. कविता पाठ (कक्षा VI-VIII)**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | आकाशदीप डेका |
| द्वितीय पुरस्कार: | आस्था कौशिक |
| तृतीय पुरस्कार: | ऋषभ राजदीप कलिता |

**5. राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त |
| द्वितीय पुरस्कार: | डॉ. कृष्णा गिरि |
| तृतीय पुरस्कार: | श्री हेम प्रसाद दुवरा |

**आशुभाषण प्रतियोगिता (परिवार जनों के लिए)**

**(कक्षा VI-VIII)**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | मधुस्मिता गोगोई |
| द्वितीय पुरस्कार: | ऋषभ राजदीप कलिता |
| तृतीय पुरस्कार: | आस्था कौशिक |

**कविता पाठ (कक्षा I-V)**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | प्रज्ञा कौशिक |
| द्वितीय पुरस्कार: | हेनरिटा कंगाबम |
| तृतीय पुरस्कार: | तन्मोई सैकिया |

**कविता पाठ (अभिभावकों के लिए)**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | श्रीमति अंबिका प्रधान |
| द्वितीय पुरस्कार: | श्रीमति महिमा आर्य |
| तृतीय पुरस्कार: | श्रीमति मौसुमी भट्टाचार्य<br>श्रीमति पापोरी संदिकोई |

**6. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार: | डॉ. आर. के. बोरा<br>शाहनीन इस्लाम |
| द्वितीय पुरस्कार: | श्री राजीब कुमार कलिता<br>डॉ. ध्रुब ज्योति दास |
| तृतीय पुरस्कार: | श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त<br>श्री अंशुमान बोरा |
| उत्तम दर्शक: | श्री अभिजीत मेधी |

# हिन्दी सप्ताह समारोह, 2017 के कुछ दृश्य















# वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने मनाया हिन्दी सप्ताह समारोह 2017














# वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने मनाया हिन्दी सप्ताह समारोह 2017






















# वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने मनाया हिन्दी सप्ताह समारोह 2017


















# वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने मनाया हिन्दी सप्ताह समारोह 2017

















